बरेली, शुक्रवार
27 अक्टूबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 22

दैनिक जागरण inext

PAGE NO, 07,MIDDLE

एसआरएमएस में 28-29 को होगी फिजीशियंस की 40वीं कांफ्रेंस

दिल्ली, उत्तराखंड, यूपी के सभी मेडिकल कालेज के 600 फिजीशियन होंगे शामिल

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (26 Oct): श्रीराममूर्ति स्मारक कालेज आफ मेडिकल साइंसेज में देश के फिजीशियंस की सबसे बड़ी संस्था एसोसिएशन आफ फिजीशियन आफ ईंडिया की ओर से 40वीं वार्षिक कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है. यूपी चैप्टर की इस वार्षिक कांफ्रेंस का आयोजन श्रीराममूर्ति हास्पिटल में दूसरी बार हो रहा है. वर्ष पहले 2017 में भी इसे आयोजित करने का सौभाग्य श्रीराममूर्ति हास्पिटल को मिला था. यह जानकारी श्रीराममूर्ति स्मारक कालेज आफ मेडिकल साइंसेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने प्रेस कांफ्रेंस में दी. उन्होंने कहा कि इस साइंटिफिक कांफ्रेंस में देश के नामचीन फिजीशियन स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियों और उनके समाधान को अपने रिसर्च के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे.

समझेंगी बारीकियां

इससे निसंदेह सभी फिजीशियंस और स्टूडेंट्स की जानकारी में इजाफा होगा.

प्रेस कांफ्रेंस में दी गई जानकारी.

कांफ्रेंस की ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. स्मिता गुप्ता ने कहा कि यूपी चैप्टर की यह कांफ्रेंस प्रति वर्ष प्रदेश के अलग अलग शहरों में होती है. इसकी वजह मेडिसिन की बारीकियां समझने और समझाना है. इस बार इस कांफ्र ेंस की थीम पर्ल्स ऑफ मेडिसिन है. कांफ्र ेंस में एम्स दिल्ली, एम्स ऋषिकेश, बीएचयू, राममनोहर लोहिया, अपोलो दिल्ली, अपोलो मुंबई, पीजीआई लखनऊ के विशेषज्ञ चिकित्सक व्याख्यान देंगे. जबकि दिल्ली और उत्तराखंड सहित यूपी के लगभग सभी मेडिकल कालेज के करीब 600 फिजीशियन इसमें शामिल होने आ रहे हैं. डॉ. स्मिता ने कहा कि दो दिनी कांफ्र ेंस में साइंटिफिक सेशन 28 अक्टूबर को सुबह 8.30 बजे ओरल प्रेजेंटेशन के साथ शुरू हो जाएगा. जबकि इसका उद्घाटन दोपहर 12.30 बजे इंडियन कालेज आफ फिजीशियन के डीन डॉ.ज्योतिर्मय पाल (कोलकाता) की मौजूदगी में होगा. वह इसमें विशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल होंगे. कांफ्रेंस में डॉ. पाल अपना व्याख्यान भी देंगे. 97 वर्ष की उम्र में भी मरीजों की सेवा करने वाले मुरादाबाद के वरिष्ठ फिजीशियन डा.डीपी मनचंदा और बरेली के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एचबी गुप्ता को कांफ्रेंस में सम्मानित किया जाएगा.इस मौके पर कांफ्रेंस का सोविनियर भी रिलीज किया जाएगा. कांफ्रेंस में पहले दिन और दूसरे दिन 10-10 सत्रों में व्याख्यान आयोजित होंगे.